
दैनिक भास्कर
डीबी स्टार इंदौर 26-09-2025

# सिडनी के भारतीय फिल्म फेस्टिवल में होगा 'शोले' का प्रीमियर

बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म 'शोले' का जिक्र जब भी आता है, तो दर्शकों के मन में एक अलग ही उत्साह आ जाता है। इस फिल्म की कहानी और डायलॉग्स आज भी लोगों के जहन में कैद हैं। अब फिल्म को लेकर एक नया अपडेट सामने आया है। 'शोले' का प्रीमियर सिडनी के भारतीय फिल्म फेस्टिवल में किया जाएगा। 'शोले' को फिल्म हेरिटेज फाउंडेशन और सिप्पी फिल्म्स ने मिलकर 4K क्वालिटी में रिस्टोर किया है। इस प्रक्रिया में लंदन से दुर्लभ कलर प्रिंट ढूंढना, मुंबई के गोदामों से कैमरा निगेटिव्स जोड़ना और खोए हुए सीन को वापस लाना शामिल रहा। नतीजे के तौर पर फिल्म के विजुअल और ऑडियो को नई चमक मिली है। सबसे खास आकर्षण यह होगा कि दर्शकों को निर्देशक रमेश सिप्पी द्वारा सोचा गया असली अंत देखने को मिलेगा, जिसमें ठाकुर अपने परिवार का बदला लेने के लिए गब्बर सिंह को मार देता है। इस बहाल संस्करण का वर्ल्ड प्रीमियर सितंबर की शुरुआत में टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हुआ था और अब इसे सिडनी में प्रदर्शित किया जाएगा। फेस्टिवल डायरेक्टर मीतु भौमिक लैंगे ने कहा...'शोले' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि भारतीय कहानियों और यादों का हिस्सा है। इसके असली अंत को दिखाना फिल्म के निर्माता की सोच को सम्मान देना है। 50 साल पूरे होने पर यह सिनेमा की ताकत और उसकी स्थायी विरासत का उत्सव है।' 'शोले' एक एक्शन-एडवेंचर फिल्म है। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और धर्मेंद्र ने लीड रोल प्ले किया था।

**'शोले' एक एक्शन-एडवेंचर फिल्म है। इस फिल्म का निर्देशन रमेश सिप्पी ने किया है**




फैमिली टाइम